अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की
राष्ट्रीय स्थायी समिति की प्रथम बैठक का कार्यवृत

४ नवंबर २०२३, (शनिवार), क्रेंद्रीय कार्यालय सभागार, कोलकाता

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की प्रथम बैठक ४ नवंबर २०२३ शनिवार को कोलकाता स्थित केंद्रीय कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे।

श्री शिव कुमार लोहिया	श्री दिनेश जैन	श्री कैलाशपति तोदी	श्री पवन कुमार जालान
श्री केदारनाथ गुप्ता	श्री आत्माराम सोंथलिया	श्री रतन शाह	श्री अरूण प्रकाश मल्लावत
श्री सुरेश अग्रवाल	श्री बिनोद टेकड़ीवाल	श्री अजय कुमार अग्रवाल	श्री शरद सरावगी
श्री अमित मुँधड़ा	श्री विनय सराफ	श्री जुगल किशोर जाजोदिया	श्री सज्जन बेरीवाल
श्री गोपाल अग्रवाल	श्री राजेश ककरानियां	श्री संजय भरतिया	श्री अनिल कुमार मालावत
श्री शशिकांत साह	श्री प्रदीप जिवराजका	श्री भगवान दास अग्रवाल	श्री पवन जैन
श्री राधा किशन सफ्फड़	श्री रवि लोहिया		

निम्नलिखित ने अनुपस्थिति की सूचना दीः

श्री नंदलाल सिंघानिया	श्री संजय गोयनका	श्री संजय हरलालका	श्री नंदकिशोर अग्रवाल
श्री चंद्रकांत सराफ	श्री लक्ष्मण अग्रवाल	श्री प्रमोद कुमार जैन	श्री संदीप सेक्सरिया
श्री संतोष कुमार मोहता			

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सबका स्वागत किया और सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों के विषय में सभा को अवगत कराया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है। कि इस सत्र में सभी सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सभी उपसमितियों का सहयोग मिल रहा है।, जिससे सम्मेलन द्रुतगति से आगे बढ़ रहा है। और नए-नए प्रकल्पों के बारे में हम सोच पा रहे हैं। श्री लोहिया ने गुवाहाटी में आयोजित २७वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों - विवाह समारोह में मद्यपान निषेध एवं प्री-वेडिंग फोटोशूट, सड़को पर नृत्य, ड्रेस कोड का विरोध के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता के लिए उपस्थित सदस्यों से सुझाव माँगा। उद्यमिता (एंट्रेप्रेन्यूरशिप) पर २५ नवंबर २०२३ को होने वाले भावी कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को दी। आगे श्री लोहिया ने १८ नवंबर २०२३ को आयोजित होने वाले सम्मेलन के 'दीपावली प्रीति मिलन' और २५ दिसंबर २०२३ को होने वाले सम्मेलन के ८९वें स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए सबसे निवेदन किया। समाज विकास उपसमिति के चेयरमैन श्री लोहिया ने सम्मेलन की मासिक पत्रिका 'समाज विकास' के नए स्तंभो की जानकारी दी एवं पत्रिका के उन्नयन के लिए उपस्थित सदस्यों से सुक्षाव माँगा।

राष्टीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने अस्वस्थ्ता के कारण बैठक की कार्यवाही को संचालित करने का अनुरोध राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता से की। श्री गुप्ता ने वर्तमान गतिविधियों पर महामंत्री की रपट प्रस्तुत करते हुए सम्मेलन के विगत कार्य-कलापों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। गत बैठक की कार्यवृत को पारित करवाया आगे संगठन विस्तार के बारे में

जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान सत्र में मई २०२३ से अब तक पूरे देश से ११०२ सदस्य बन चुके हैं।

मायड भाषा उपसमिति के चेयरमैन श्री रतन लाल शाह, स्वास्थ्य उपसमिति के चेयरमैन श्री अनिल मल्लावत, सूचना तकनीकि एवं वेबसाइट उपसमिति के चेयरमैन श्री अजय कुमार अग्रवाल, रोजगार उपसमिति के चेयरमैन श्री दिनेश जैन ने अपने उपसमिति के क्रिया-कलापों की विस्तृत जानकारी दी। सांगठनिक एवं सामाजिक विषयों पर उपस्थित सदस्यों से चर्चा हुई। समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने का गुरुभार श्री गोपाल अग्रवाल, श्री सर्वेश जैन एवं श्री भगवान दास अग्रवाल ने लिया।

उपस्थित सदस्यों ने समाज सेवा, सदस्यता वृद्धि, संगठन विस्तार, सहित संगठित समाज की जरूरत पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री पवन कुमार जालान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष **राष्ट्रीय महामंत्री**